AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : आमजन को मिले शोध का लाभ

नैक टीम ने पहले दिन छह विभागों का किया निरीक्षण, सुझाव भी दिए

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बृहस्पतिवार से राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) की कसौटी पर कसा जाने लगा। इसकी आठ सदस्यीय टीम ने पहले दिन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के प्रेजेंटेशन के साथ छह से अधिक विभागों का निरीक्षण किया। टीम ने विभागों के इनोवेशन, प्लेसमेंट और यूनिक वर्क पर फोकस किया। साथ ही सुझाव दिया कि वे रिसर्च को वेबसाइट पर अपलोड करें, ताकि इससे ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने पूर्व छात्रों को भी जोड़कर संस्थान की बेहतरी के लिए काम करने को कहा।

एनसीसी कैडेट्स की फ्लीट ने की अगुवाई, शंख ध्वनि से स्वागत

इससे पहले नैक का आठ सदस्यीय दल सुबह करीब नौ बजे विवि पहुंचा। एनसीसी कैडेट्स की फ्लीट ने इनकी अगुवाई की और छात्रों ने शंख ध्वनि से स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रशासनिक भवन में प्रवेश करने पर पुष्प वर्षा कर नैक टीम का स्वागत किया। इसके बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, आईक्यूएसी, टीचर कोऑपरेटिव सोसायटी व कोऑपरेटिव लेंडिंग लाइब्रेरी का प्रेजेंटेशन हुआ। कुलपति ने एनईपी को लागू करने से लेकर छात्रहित से जुड़ी नई पहल का उल्लेख किया। इसके बाद टीम के सदस्य सेंट्रल लाइब्रेरी गए, जहां उन्होंने अन्य सेक्शन के साथ साइबर लाइब्रेरी, आर्ट गैलरी को देखा और यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों से भी बात की। नैक टीम ने दोपहर का भोजन कार्य परिषद सदस्यों के साथ किया। इसके बाद तीन अलग-अलग टीमों ने मैथ्स, अर्थशास्त्र, समाज कार्य, जियोलॉजी, मैनेजमेंट आदि विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। टीम के सदस्यों ने विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई चीजों को बारीकी से देखा और सुझाव भी दिए। उन्होंने विभागों से यह जानने की कोशिश कि ओवर ऑल प्रैक्टिस का क्या आउटपुट है। क्लास रूम में जाकर उन्होंने बच्चों से भी बात की। नैक टीम ने एल्युमिनाई नेटवर्क को बेहतर कर फंडिंग आदि के लिए सुझाव दिए। विभागों के टीम वर्क और समाज के लिए किए जा रहे कामों को सराहा भी। टीम का भ्रमण शुक्रवार व शनिवार को भी जारी रहेगा।

लखनऊ विवि में सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण करने के बाद नैक टीम के सदस्य। -संवाद

नैक टीम ने देखी व्यवस्थाएं, छात्रों-कर्मचारियों से की बातचीत

नेशनल पीजी में नैक की दो दिवसीय भ्रमण शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही बृहस्पतिवार से नेशनल पीजी कॉलेज में भी नैक की तीन सदस्यीय टीम का दो दिवसीय निरीक्षण शुरू हुआ। टीम में चेयरमैन प्रो. जगदीश कुमार पटनायक प्रति कुलपति मिजोरम यूनिवर्सिटी, प्रो. वसंत जुगले शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर महाराष्ट्र और प्रो. महावीर बी कोथले प्राचार्य केआईई सोसायटी बागेवाड़ी कर्नाटक शामिल हैं। सबसे पहले टीम के सामने प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह का प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके बाद उन्होंने विभागाध्यक्षों के साथ बात की और प्रेजेंटेशन को देखा। विभागों में छात्रों की प्रगति और शोध प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली। नैक टीम ने भूगोल, मनोविज्ञान, एंथ्रोपालिजी, शिक्षा, अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान, कॉमर्स, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर साइंस और फिजिक्स विभाग का भ्रमण किया। इसके साथ ही वे लाइब्रेरी, जिम, योगा सेंटर, कंप्यूटर सेंटर भी गए। इसके बाद टीम ने प्लेसमेंट सेल, कॅरिअर कांउसिलिंग सेल, एंटी रैगिंग सेल, एंटी सेक्सुअल हरेसमेंट सेल के सदस्यों से और छात्रों, पूर्व छात्रों व अभिभावकों से मुलाकात की। टीम ने कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों, वित्त अधिकारी और अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ भी बैठक की। शाम को छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। उन्होंने गीत के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती राज्यों के मुख्य नृत्यों का भी प्रदर्शन किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीकॉम का वाइवा 25-26 को

लखनऊ। लखनऊ विवि में बीकॉम छठे सेमेस्टर नियमित व स्ववित्तपोषित का वाइवा 25 व 26 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। डीन प्रो. आरके माहेश्वरी के अनुसार नियमित कोर्स का वाइवा 25 व 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से और स्ववित्तपोषित का दोपहर एक बजे से होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

नैक टीम को भायी टैगोर लाइब्रेरी

पुनर्मूल्यांकन के पहले दिन एलयू की छात्र-शिक्षक केंद्रित योजनाओं और एनईपी को मिली सराहना

■ **नुक्कड़ नाटक कर रहे छात्रों का किया उत्साहवर्धन**

सेंट्रल लाइब्रेरी से नैक टीम के सदस्य जब बाहर निकले तो सामने पार्क में छात्र-छात्राओं का दल नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रहा था। कुछ सदस्य तो गाड़ी में बैठकर आगे निकल गए, लेकिन कुछ सदस्यों ने वहीं रुककर छात्रों की प्रस्तुति देखी और उत्साहवर्धन भी किया। अदभ्य के बैनर तले हुई प्रस्तुति में छात्रों ने महिलाओं के साथ समाज में होने वाले भेदभाव को दिखाया।

■ **छात्राओं के बैंड रूहानी की प्रस्तुति से टीम प्रभावित**

नैक टीम के सामने विवि के छात्रों ने बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिकी की ओर से शाम को जेके हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने गणेश वंदना और कुलगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद एकल व समूह नृत्य व गानों की प्रस्तुति हुई। श्रीलंका के छात्र द्वारा राम पर आधारित प्रस्तुति व छात्राओं के बैंड रूहानी की प्रस्तुति से नैक टीम काफी प्रभावित हुई। छात्रों ने किस्सागोई की भी प्रस्तुति दी।

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) को सफलतापूर्वक अपनाया। दर्जन भर से ज्यादा छात्र और शिक्षक केंद्रित योजनाएं शुरू कीं। एलयू में गुरुवार को पुनर्मूल्यांकन के लिए आई राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) टीम के सामने प्रेजेंटशन के दौरान विवि की ऐसी ही तमाम खूबियां पेश की गईं।

नैक दौरे के पहले दिन का आगाज कुलपति प्रो. एके राय के डेढ़ घंटे के पावर प्वाइंट प्रेजेंटशन के साथ हुआ। इसके बाद टीम आधुनिक सुविधाओं से लैस टैगोर लाइब्रेरी पहुंची और दुर्लभ किताबों के जखीरों का रखरखाव करने को लेकर सराहना की। लगभग एक घंटे तक भूविज्ञान विभाग में रही टीम शोध कार्य, प्रकाशन और संग्रहालयों से बेहद प्रभावित दिखी। नैक टीम ने रसायन विज्ञान विभाग में लगभग सवा घंटा समय बिताया और प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों का दौरा किया। दल ने पहले दिन गणित, खगोल विज्ञान, जैव-रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, संस्कृत, नृविज्ञान समेत 12 विभागों का निरीक्षण किया।

एलयू वीसी ने दिखाई सुधार की तस्वीर

एलयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुलपति ने विस्तृत प्रस्तुति दी और एनईपी 2020 के कार्यान्वयन को लेकर अकादमिक सुधारों पर विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के दाखिले से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि कुलपति ने एलयू की छात्र-केंद्रित पहलुओं पर विस्तार से बताया। इसके अलावा विवि की हरित पहल और सामाजिक पहल पर भी रुबरू कराया। इस बीच नैक टीम ने कुलपति से कई सवाल पूछे।

विद्यार्थियों ने दी कथक प्रस्तुति : एलयू के ऑनरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने विवि की अपनाई गई दो सर्वोत्तम प्रथाओं को बताया। इसके बाद टीम ने कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों के साथ बैठक कर विभागों का निरीक्षण किया। पहले दिन के निरीक्षण का समापन विद्यार्थियों के कथक और शास्त्रीय संगीत के साथ हुआ।

JAGRAN CITY PAGE III

नैक की नजर में आई विश्वविद्यालय की 'पहल'

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन (नैक) की पियर टीम ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस निरीक्षण में पहले दिन नैक टीम ने विश्वविद्यालय के प्रजेंटेशन को देखा। इसमें विश्वविद्यालय ने छात्र केंद्रित पहल की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

पहले दिन आठ सदस्यीय नैक की पियर टीम के सामने कुलपति प्रो. आलोक राय ने प्रजेंटेशन भी दिया। कुलपति ने टीम को नान फीस और नान ग्रांट पर वित्तीय मजबूती के विषय में बताया। प्रशासनिक, शैक्षणिक और आधारभूत ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने छात्र केंद्रित पहल के बारे में बताया कि लवि के हर निर्णय लेने में छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय की हरित पहल और सामाजिक पहल की भी जानकारी नैक टीम को दी।

HINDUSTAN PAGE 6

नैक टीम लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंची, शुरू किया मूल्यांकन, तीन दिन चलेगी प्रक्रिया

एलयू:सबके चेहरों की चमक बता रही थी पहला दिन बेहतरीन रहा

परीक्षा के पल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी गेट सुबह से बंद थे। सिर्फ परिचय पत्र और फीस की रसीद लेकर गए विद्यार्थी भीतर दाखिल हुए। हर विद्यार्थी कक्षाओं में सलीके से बैठा था। विभिन्न संकायों के अध्यक्ष उपलब्धियों के पोस्टरों से सजे विभागों में मुस्तैद थे। नैक टीम के पहले दिन के निरीक्षण के बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और विभिन्न संकायों के अध्यक्षों के चेहरे की चमक बता रही थी कि नैक टीम को एलयू ने प्रभावित किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय काफी समय से नैक का ग्रेड-ए हासिल करने के लिए प्रयासरत है। नैक की आठ सदस्यीय टीम ने गुरुवार को विवि का निरीक्षण किया। यह टीम तीन दिन यहां रहेगी। पहले दिन उसने एलयू के मूल यानी पुराने परिसर का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नैक टीम के सामने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के शैक्षणिक सुधारों को बताया। उन्होंने प्रवेश से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन के बारे में भी बताया। विशेष रूप से वित्तीय मजबूती के बारे में जानकारी दी।

कुलगीत, कथक और दास्तानगोई के रंग

आयोजन में संस्कृतिकी की ओर से नैक टीम के सामने रंगारंग प्रस्तुति दी गयी जिसमें श्रीलंकन छात्र एवं छात्रा ने रामकथा पर अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। ऑल गर्ल्स बैंड रूहानी ने अपने गीतों से सबका मन मोह लिया। इसके अलावा कुलगीत, कथक, दास्तानगोई और लोक नृत्य द्वारा गंगा जमुनी तहजीब का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय टैगोर लाइब्रेरी के बाहर गुरुवार को नैक की टीम।

कुलपति ने प्रशासनिक, शैक्षणिक और इंफ्रास्ट्रक्चरल विकास के बारे में अपनी रणनीति बताई। विद्यार्थियों पर केंद्रित पहल पर बताया कि कैसे हर निर्णय में यहां के विद्यार्थी महत्वपूर्ण केंद्रीय केंद्र बिंदु में होते हैं। प्रेजेंटेशन में पर्यावरण खासकर हरियाली भी शामिल थी। यही नहीं किस तरह से एलयू सामाजिक कार्यों में लिप्त है, यह भी बताया। यह न केवल देश से बल्कि विदेशों में बढ़ती छात्र रुचि में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। टीम ने एनईपी, सरकार के साथ समन्वय, हितधारकों से समर्थन और भविष्य के संबंध में कुछ सवाल भी किए। कुलपति ने प्रमाण के जरिए जवाब दिए।

PIONEER PAGE 4

नैक टीम ने लविवि व नेशनल कॉलेज का निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्कृष्ट संस्थान की श्रेणी में आने के लिए विवि के आमंत्रण पर गुरुवार को नैक की आठ सदस्यीय टीम लखनऊ विश्वविद्यालय पहुँची। विवि पहुँचने के बाद टीम का स्वागत विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। तीन दिवसीय दौरे पर आई नैक की टीम विवि के विभिन्न विभागों के निरीक्षण के साथ ही अन्य मानकों को परखेगी। इसके अलावा नेशनल पीजी कॉलेज में गुरूवार को नैक की तीन सदस्यीय पियर टीम ने अपने दो दिवसीय मूल्याकंन कार्यक्रम की शुरूआत की। नैक पियरर टीम में चेयरमैन प्रो जगदीश कुमार पटनायक प्रो वाइस चासंलर मिजोरम यूनिवर्सिटी, प्रो वसंत जुगले अर्थशास्त्र विभाग, शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर, महाराष्ट्र और प्रो महावीर बी कोथले, प्राचार्य, केआईई सोसायटी बागेवाड़ी, आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज निपानी, कर्नाटक शामिल हैं। तीन दिवसीय निरीक्षण के दौरे के पहले दिन की शुरुआत विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के प्रजेंटेशन से हुई। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के आलोक में शैक्षणिक सुधारों पर विस्तार से बताया। उन्होंने प्रवेश से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। कुलपति ने विशेष रूप से नॉन फीस और नॉन ग्रांट रिसिप्ट्स पर वित्तीय मजबूती के बारे में विस्तार से बताया। नैक की टीम ने पहले दिन सबसे पहले कॉलेज के प्रबंधक उज्ज्वल रमण सिंह से मुलाकात करने के बाद गुरूवार को अपने मूल्याकंन की शुरूआत की।

THE PIONEER PAGE 4

NAAC team visits LU

Lucknow (PNS): An 8-member team of the National Assessment and Accreditation Council arrived at the University of Lucknow for a 3-day visit on Thursday.

The visit began with a detailed presentation by Vice-Chancellor Prof AK Rai who elaborated on academic reforms vis-a-vis NEP implementation. He also emphasised on the ICT implementation undertaken in different organisational functions ranging from admissions to examinations. The vice-chancellor elaborated the financial strengthening. He also shared his strategic vision about the administrative, academic and infrastructural development.

The vice-chancellor also exhibited the student-centric initiatives wherein a student is the key central focal point in decision-making. He further spoke about the green initiatives and societal initiatives of the university.

He presented the increasing trend of publications, research grant, societal contributions, and the ever-increasing and strengthening of the brand of the university, reflected in the increasing student interest, not just from the country but abroad. The team raised certain queries regarding NEP implementation, issues in coordination with the government, support from different stakeholders and the vision.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि पहुंची आठ सदस्यीय नैक टीम, किया निरीक्षण

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल की टीम विश्वविद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंच गई। बुधवार को भी तीन सदस्य पहुंचे थे तथा बृहस्पतिवार को प्रातः पांच सदस्य भी पहुंच चुके थे। इसके वाद टीम के सभी आठ सदस्यों ने निरीक्षण के लिए डिटेल योजना बनाकर तीन दिवसीय निरीक्षण का दौरा शुरू किया। टीम के सदस्यों की आगवानी के लिए लविवि के रजिस्ट्रार डा. विनोद कुमार सिंह तथा परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी पहुंचे।

पहले दिन टीम के सदस्य लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिले, जहां प्रो. राय ने उन्हें विश्वविद्यालय के वारे में कई वारी जानकारियां दी। कुलपति ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के संवंध में शैक्षणिक सुधारों पर विस्तार से वताया। उन्होंने प्रवेश से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। कुलपति ने विशेष रूप से नॉन फीस और नॉन ग्रांट रिसिप्ट्स पर वित्तीय मजवूती के वारे में विस्तार से वताया। उन्होंने प्रशासनिक, शैक्षणिक और इंफ्रास्ट्रक्चरल विकास के वारे में अपनी रणनीतिक दृष्टि साझा की। कुलपति ने अपनी प्रस्तुति में छात्र केंद्रित पहल का भी प्रदर्शन किया और वताया कि कैसे विश्वविद्यालय के हर निर्णय लेने में यहां के छात्र महत्वपूर्ण केन्द्र विंदु है। उन्होंने विश्वविद्यालय की हरित पहल और सामाजिक पहल पर विस्तार से वताया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्नक अध्यापकों के शोध संवंधी प्रकाशनों की वढ़ती प्रवृत्ति, अनुसंधान अनुदान, सामाजिक योगदान तथा विश्वविद्यालय के व्रांड के निरंतर वढ़ते और सुदृढ़ीकरण के प्रमाण प्रस्तुत किये, जो न केवल देश से वल्कि विदेशों में वढ़ती छात्र रुचि में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। नैक टीम ने एनईपी कार्यान्वयन, सरकार के साथ समन्वय के मुद्दों, विभिन्न हितधारकों से समर्थन और भविष्य के दृष्टिकोण के संवंध में कुछ प्रश्न उठाए, जिसका कुलपति प्रो. राय ने उचित उत्तर दिया।

शाम को हुई चाट पार्टी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को प्रातः आठ वजे से अपने विभागों में टीम का इंतजार कर रहे शिक्षकों और छात्रों के वीच दोपहर वाद नैक टीम के सदस्य पहुंचे। लंच के पहले टीम ने आइक्यूएसी का प्रेजेंटेशन देखा और सिलेक्टेड विभागों के प्रमुखों के साथ वातचीत की तथा टैगोर लाइब्रेरी की विविधता देखी। इसके वाद टीम ने हरि कृष्ण अवस्थी सभागार में आयोजित लंच में भाग लिया। इसके वाद टीम ने कुछ विभागों का दौरा किया। इसमें प्रमुख रूप से इकोनॉमिक्स विभाग, सोशल वर्क, जियोलॉजी, मैथमेटिक्स शामिल रहे। शाम को 5:30 वजे के करीव सदस्यों के लिए कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृतिकी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा टीम के सम्मुख रंगारंग प्रस्तुति दो गयी, जिसमें श्रीलंकन छात्र-छात्राओं ने रामकथा पर अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। रूहानी वैंड के सदस्यों ने अपने गीतों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अन्य कार्यकमों में कुलगीत, कथक, दास्तानगोई और लोक नृत्य द्वारा गंगा जमुनी तहजीव का वेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कवि प्रदीप पर एक लघु फिल्म को लांच किया। इसके उपरान्त सोशलॉजी सोशल वर्क डिपार्टमेंट में चाट पार्टी का लुत्फ टीम के सदस्यों ने उठाया। वताया जा रहा है कि टीम के सदस्यों में दो उड़िया भाषा, एक चेन्नई से तथा एक गुजरात के प्रोफेसर शामिल है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

नैक टीम ने लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास को सराहा

23 तक रुकेगी नैक

- शुरू हुआ मूल्यांकन, कुलपति ने टीम के सामने दिया प्रेजेंटेशन

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आठ साल बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम गुरुवार को सुबह नौ बजे पहुंची। इस दौरान टीम का स्वागत करते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक राय अपने साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन की ओर ले गये। इस मौके पर पूर्व छात्रों की लगी फोटो को देखकर नैक टीम ने विश्वविद्यालय के गौरवशाली इंतिहास को सराहा। बता दें कि विश्वविद्यालय में आठ सदस्यीय टीम तीन दिवसीय निरीक्षण के लिए पहुंची है। टीम को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक महीने से ज्यादा से हर क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास किया है।

कुलपति का नैक टीम के सामने हुआ प्रेजेंटेशन : नैक की आठ सदस्यीय टीम के सामने कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने प्रेजेंटेशन दिया। कुलपति ने इस दौरान बाद टीम के सदस्यों के सामने इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) का प्रेजेंटेशन दिया। कुलपति ने अपनी प्रस्तुति में छात्र केंद्रित पहल का भी प्रदर्शन किया और बताया कैसे विश्वविद्यालय के हर निर्णय लेने में यहां के छात्र महत्वपूर्ण केंद्रीय केंद्र बिंदु है। उन्होंने आगे विश्वविद्यालय की हरित पहल और सामाजिक पहल पर विस्तार से बताया। जिसके बाद टीम के सदस्य यहां से तीन अलग-अलग टीमों में बंटकर सेंट्रल लाइब्रेरी व विभागों के निरीक्षण करने पहुंचे।

नैक टीम के सांस्कृतिक प्रस्तुति : विश्वविद्यालय की ओर से नैक टीम के सामने रंगारंग प्रस्तुति दी गयी जिसमें श्रीलंकन छात्र एवं छात्रा ने रामकथा पर अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। वहीं छात्रों की ओर से प्रस्तुत गीतों ने सबका मन मोह लिया।

विश्वविद्यालय में नैक टीम को अपना प्रेजेंटेशन देते कुलपति प्रोफेसर आलोक राय। अमृत विचार

TOI PAGE 3

NAAC inspection begins, LU showcases its NEP progress

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The re-evaluation process of the National Assessment Accreditation Council (NAAC) at Lucknow University began on Thursday with over an hour-long powerpoint presentation by vice-chancellor Prof AK Rai, who demonstrated how LU has successfully adopted New Education Policy (NEP)

Presentation underway at LU

and has introduced over a dozen students and teacher-centric schemes.

On Day 1, the team inspected around 12 LU departments, including mathematics and astronomy, bio-chemistry, chemistry, geology, English, economics, business administration, ancient Indian history and archaeology, Sanskrit and anthropology

"The VC made a detailed presentation on academic reforms in the light of NEP 2020 implementation. He also emphasized on the ICT implementation undertaken in different organizational functions ranging from admission to the examination," said a senior LU official. The VC elaborated on LU's student-centric initiatives where a student is the key central focal point in all the decision-making. He further elaborated on the green and social initiatives taken by the university.

The team asked several questions about how LU implemented NEP, what issues came up while coordinating with the government, support from different stakeholders and the vision for the future. Another presentation was made by LU's Internal Quality Assurance Cell, in which the team members elaborated on the two best practices adopted by the University.

"The team stayed at the geology department for an hour and had a detailed look at our research work, publication and museums. When we asked them about their views, they said highly impressed," said a source.

Another source said the NAAC team spent around 1 hour 15 minutes in the chemistry department.

The day one of the visit culminated with a performance of Kathak dance and classical songs by LU students in the evening.

HINDUSTAN TIMES PAGE 4

NAAC team visits LU: 12 depts evaluated on Day One

HT Correspondent

lkoreportersdesk@htlive.com

LUCKNOW : An eight-member peer team constituted by the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) visited Lucknow University (LU) on Thursday to evaluate various LU departments to determine its grade.

The team was led by Prof BB Biswal, director at the National Institute of Technology (NIT), Meghalaya. During its three-day visit, the team will evaluate 49 departments and 17 institutes of LU with affiliations to 542 colleges in Lucknow, Hardoi, Rae Bareli, Lakhimpur Kheri and Sitapur. On Thursday, NAAC team visited 12 departments, including social work, geology, anthropology, Sanskrit, ancient Indian history, chemistry, biochemistry, business administration and economics.

LU vice-chancellor Alok Kumar Rai made a presentation before the NAAC team, listing out LU's achievements as per NAAC guidelines, research work and publications by teachers and placements of students. Rai elaborated on academic reforms in the light of NEP-2020 implementation. NAAC team raised certain queries with regard to NEP implementation, issues related to coordination with the government, support from different stakeholders and the future vision, which the vice-chancellor replied. The V-C spoke about ICT implementation undertaken in different organizational functions ranging from admission to examination and shared his strategic vision about the administrative, academic and infrastructural development. The V-C, also elaborated on LU's green and societal initiatives and underlined the strengthening of the LU brand, reflected in the increasing student interest not just from the country but abroad. The team, divided into three small groups, visited various departments including mathematics, geology, economics and others for physical verification of the claims made by the LU in its Self-Study Report (SSR), which it submitted to the NAAC.

At the geology department, the team interacted with M Sc second semester students who were doing practical on sedimentology. The department displayed the research work and publications by faculty members. The NAAC team members clicked photographs of the department that was buzzing with activities. At the economics department, the NAAC team interacted with three post-graduate students who spoke about their accomplishments. Ishita Jain talked about how she is earning $2,000 per month while working for a Singapore based company. Another student, Nitya Mishra, spoke about her start-up, which is making soaps while another student, Sehra Naseem, talked about her initiative of imparting free education to rural children.

In the evening, a cultural program was organised where students from Sri Lanka enacted Ram Katha while 'Roohani', an all-girls musical band performed. A three-member peer NAAC team also started its two-day evaluation process at National PG College on Thursday.



Members of NAAC team at Lucknow University on Thursday. HT

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कुलपति आलोक कुमार राय की प्रस्तुति के साथ हुआ नैक निरीक्षण का शुभारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरूवार से नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल की टीम विश्वविद्यालय के त्रिदिवसीय निरीक्षण के लिए आ चुकी है। निरीक्षण के इस दौरे के प्रथम दिन की शुरुआत उक्त 8 सदस्यीय टीम के सामने माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की प्रस्तुति से हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के आलोक में शैक्षणिक सुधारों पर विस्तार से बताया। उन्होंने प्रवेश से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। माननीय कुलपति ने विशेष रूप से नॉन फ़ीस और नॉन ग्रांट रिसिप्ट्स पर वित्तीय मजबूती के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रशासनिक, शैक्षणिक और इंफ्रास्ट्रक्चरल विकास के बारे में अपनी रणनीतिक दृष्टि साझा की। माननीय कुलपति ने अपनी प्रस्तुति में छात्र केंद्रित पहल का भी प्रदर्शन किया और बताया कैसे विश्वविद्यालय के हर निर्णय लेने में यहां के छात्र महत्वपूर्ण केंद्रीय केंद्र बिंदु है। उन्होंने आगे विश्वविद्यालय की हरित पहल और सामाजिक पहल पर विस्तार से बताया।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्यापकों के शोध संबंधी प्रकाशनों की बढ़ती प्रवृत्ति, अनुसंधान अनुदान, सामाजिक योगदान, और विश्वविद्यालय के ब्रांड के निरंतर बढ़ते और सुदृढ़ीकरण के प्रमाण प्रस्तुत किये जो न केवल देश से बल्कि विदेशों में बढ़ती छात्र रुचि में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। नैक पियर टीम ने एनईपी कार्यान्वयन, सरकार के साथ समन्वय के मुद्दों, विभिन्न हितधारकों से समर्थन और भविष्य के दृष्टिकोण के संबंध में कुछ प्रश्न उठाए, जिसका माननीय कुलपति ने उचित उत्तर दिया।बता दें कि नैक की टीम आगामी शनिवार तक विभिन्न बिंदुओं पर विश्वविद्यालय का निरीक्षण करेगी।

लविवि नैक निरीक्षण : श्रीलंकन छात्र-छात्राओं ने दी रामकथा पर मनमोहक प्रस्तुति

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में त्रिदिवसीय निरीक्षण के लिए परिसर में शुक्रवार को पहुँची । विश्वविद्यालय में कुलपति आलोक कुमार राय की प्रेजेंटेशन के साथ ही टीम के लिए विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति संस्कृतिकी द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें नैक टीम के सम्मुख रंगारंग प्रस्तुति दी गयी । इनमें श्रीलंकन छात्र एवं छात्रा ने रामकथा पर अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की वहीं रूबरू ऑल गर्ल बैंड ने भी अपने गीतों से सबका मन मंत्रमुग्ध कर दिया।अन्य कार्यकमों में कुलगीत, कथक, दास्तानगोई और लोक नृत्य द्वारा गंगा जमुनी तहजीब का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया। कार्यकम का संचालन संस्कृतिकी निदेशक प्रो. राकेश चंद्र ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कवि प्रदीप पर एक लघु फिल्म को भी लांच किया।



टीम ने एनईपी कार्यान्वयन, सरकार के साथ समन्वय में मुद्दों, विभिन्न हितधारकों से समर्थन और भविष्य के दृष्टिकोण के संबंध में कुछ प्रश्न उठाए, जिसका माननीय कुलपति ने उचित उत्तर दिया।बता दें कि नैक की

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

नैक टीम के सामने कुलपति ने गिनायीं लविवि की उपलब्धियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार से नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की टीम विश्वविद्यालय निरीक्षण के लिए आ चुकी है। तीन दिवसीय निरीक्षण के इस दौरे के पहले दिन की शुरूआत आठ सदस्यीय टीम के सामने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की प्रस्तुति से हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के विषय में शैक्षणिक सुधारों पर विस्तार से बताया। उन्होंने प्रवेश से लेकर परीक्षा तक के विभिन्न संगठनात्मक कार्यों में किए गए आईसीटी कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। कुलपति ने विशेष रूप से नॉन फीस और नॉन ग्रांट रिसिप्ट्स पर वित्तीय मजबूती के बारे में विस्तार से बताया। दूसरी ओर, नेशनल पीजी कॉलेज में गुरूवार को नैक की तीन सदस्यीय पियर टीम ने अपने दो दिवसीय मूल्याकंन कार्यक्रम की शुरूआत की। नैक पियर टीम में बतौर अध्यक्ष मिजोरम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. जगदीश कुमार पटनायक, शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. वसंत जुगले और केआईई सोसायटी बागेवाड़ी, आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज,